# आपके बच्चे का आपरेशन
# Anesthetic Care Unit (ACU) Hindi

**Department of Surgery and Anesthesia**
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca

## आपके बच्चे की सर्जरी या आपरेशन
### Your Child's Surgery or Procedure

**यह पता लगना कि आपके बच्चे को सर्जरी या किसी डाक्टरी प्रक्रिया की आवश्यकता है, तनावपूर्ण हो सकता है। निम्न जानकारी आपको और आपके बच्चे को तैयार महसूस करने में सहायता के लिए इकठ्ठी की गई है।**

**आपके बच्चे के आपरेशन के लिए निम्न बुकिंग की गई है:**

**तिथि::** ______________________________

**डाक्टर:** ________________________

**डाक्टर का टेलीफोन:** _______________

**स्थान:** General Procedures, 3rd floor
Teck Acute Care Centre
880 West 28th Ave
Vancouver, BC

**टेलीफोन नंबर:** 604-875-2345 x 8550

**आपके बच्चे के आपरेशन के समय से 72 घंटे पहले के समय के भीतर अगर आपको निम्न में से कोई भी लक्षण नजर आता है तो बी.सी. चिल्ड्रन्स हास्पिटल आने से पहले अपने सर्जन के दफ्तर में फोन करें:**

- आपके बच्चे को दाने निकल आते हैं
- आपके बच्चे को जुकाम हो जाता है
- आपके बच्चे को 38 डिग्री सेल्सियस से अधिक बुखार है
- आपके बच्चे को दस्त लगे हैं
- आपका बच्चा सुस्त महसूस करता है, उसे भूख नहीं लगती है या वह बीमार लगता है
- आपका बच्चा किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में रहा है जो खसरा, मम्प्स या छोटी माता (चिकन पॉक्स) के वाइरस से पीड़ित है
- आपको अपने बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में कोई अन्य चिंता हैं



BCCH © 2018 BC Children's Hospital
Hindi

**Department of Surgery and Anesthesia**
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca


## आपके परिवार को तैयार करना
## Preparing your Family

### आपके बच्चे को तैयार करना Preparing your Child



चित्रों या कहानियों की सहायता से सर्जरी के बारे में बात करने से बच्चों को अनजान स्थितियों से निपटने में सहायता मिल सकती है। इसमें बच्चे के भाई-बहनों को शामिल करना भी अच्छा रहेगा। बच्चे के साथ आपरेशन के बारे में बात करने में आपकी सहायता के लिए 2 सुझाव निम्न हैं:

1. "Welcome to Procedures" नामक वर्चुअल यात्रा देखे तथा हमारी निम्न वेबसाइट पर जाएं: https://youtu.be/705OCiewqVY
2. आपरेशन के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें। यदि आपको यह पता होगा कि वहां पर क्या होगा तो आप अपने बच्चे की मदद अधिक अच्छी तरह कर सकेंगे।
   - क्या होगा और क्यों होगा, इस बारे मे सच्चाई बताएं
   - पता लगाएं कि आपका बच्चा पहले से ही क्या कुछ जानता है
   - अपने बच्चे के साथ बातचीत करें
     - *बाल जीवन विभाग* बच्चों की आयु और विकास के आधार पर उनको आपरेशन के लिए तैयार करने के बारे में बहुत अच्छे मशवरे देते हैं। उनकी निम्न वेबसाइट पर जाएं: http://www.bcchildrens.ca/our-services/support-services/child-life#Procedural--Preparation
   - आपरेशन वाले दिन बच्चे को दिलासा देने और शांत रखने में सहायता करने के तरीकों के बारे में सोचें।
   - अपने बच्चे को सबसे अच्छी तरह आप जानते हैं। उसकी मनपसंद किताबें, खिलौने तथा अन्य ऐसे साधन अपने साथ लेकर आएं जिनसे बच्चे का मन लगा रहे तथा वह शांत रहे।




BCCH © 2018 BC Children's Hospital

**Department of Surgery and Anesthesia**
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca

## स्वयं को तैयार करना Preparing Yourself

- अपना ध्यान रखें। हो सकता है कि बच्चे के साथ आपने भी कुछ न खाया-पिया हो, इसलिए हम आपको सलाह देंगे कि यदि बच्चे के आपरेशन के दौरान आपके पास समय हो तो आप थोड़ा घूम आएं या हल्का जलपान कर लें।
- हम क्या कर रहे हैं या क्या कह रहे हैं, इसके बारे में यदि आपके मन में कोई शंका हो तो प्रश्न पूछें। लिखकर प्रश्नों की एक सूची बना लें जिसे अपने साथ लेकर आएं ताकि कुछ पूछना भूल न जाएं।
- आपरेशन वाले दिन बी.सी. चिल्ड्रन्स हास्पिटल कैसे पहुंचना है, इसकी योजना बनाएं। जिस समय आपके बच्चे का आपरेशन हो रहा होगा आपको कहीं आसपास रहना होगा। समय बिताने के लिए अपने साथ कोई पुस्तक या अन्य साधन साथ ले कर आएं।

आपरेशन वाले दिन के लिए तैयारी के बारे में अधिक सलाह के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं: http://www.bcchildrens.ca/our-services/hospital-services/surgery

## आपरेशन वाले दिन के लिए सहायता के प्रबंध करना Making Arrangements for Help for the Day of the Procedure

- आपके बच्चे के आपरेशन के समय के लिए अपने अन्य बच्चों के लिए चाइल्ड केयर का प्रबंध करें।
- सुरक्षा के उद्देश्य से, अपने बच्चे को वापिस घर किसी वाहन में लेकर जाएं। यदि यह संभव नहीं है तो अपनी नर्स को बताएं।

## घर पर आपके बच्चे के स्वास्थ्य-लाभ के लिए तैयारी करना Preparing for Your Child's Recovery at Home

- अपने बच्चे की आयु के लिए उपयुक्त एसिटामिनोफिन (Tylenol®), आइबुप्रोफिन (Advil® or Motrin®), तथा एक मतली-रोधक (Gravol®) घर पर तैयार रखें।
- घर पर खाने की ऐसी चीजें तैयार रखें जो आपका बच्चा पेट खराब होने पर खा सके (जैसे, सादे टोस्ट, क्रैकर या जिंजरएल)। **आपरेशन से पहले आपका बच्चा खाली पेट रहेगा, इसलिए यह चीजें वापिस घर आने पर खाने के लिए हैं।**
- खाने की अन्य चीजें ऐसी तैयार रखें जिन्हें आपका बच्चा आसानी से निगल सके (जैसे, सूप, पुडिंग या पॉप्सिकल)।
- सुनिश्चित करें कि आपके पास बच्चे के लिए ठीक काम कर रहा तथा प्रयोग के लिए तैयार थर्मामीटर हो।
- घर पर शांतिपूर्ण वातावरण में बच्चे के निकट रहने की योजना बनाएं ताकि आप आपरेशन के बाद उस पर नजर रख सकें।



BCCH © 2018 BC Children's Hospital

# आपके बच्चे का आपरेशन
# Anesthetic Care Unit (ACU)
# Hindi

**Department of Surgery and Anesthesia**
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca

## आप दूसरे शहर से हैं? From Out of Town?

- जैसे ही आपके आपरेशन की तिथि पता चले, अपनी यात्रा और रहने का प्रबंध करें।
- *बी.सी. फैमिली रेजीडैंस प्रोग्राम* आपकी बस तथा हवाई यात्रा का प्रबंध तथा भुगतान कर सकता है। यह बी.सी. चिल्ड्रन्स हास्पिटल के निकट आपके रहने का प्रबंध तथा उसके लिए भुगतान भी कर सकता है। आपको यात्रा की तिथियां तथा कारण, आपके बच्चे के बी.सी. हैल्थ केयर कार्ड का नंबर तथा डाक्टर का नाम बताना होगा।

बी.सी. चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल कैसे पहुंचा जाए तथा कहां ठहरा जाए, यह जानने के लिए *फैमिली सपोर्ट* से निम्न वेबसाइट पर मदद लें:
www.bcchildrens.ca/fsrc

## आपरेशन से एक दिन पहले The Day Before the Procedure

### नर्स से कॉल की प्रतीक्षा करें Expect a Call from a Nurse

आपके बच्चे के आपरेशन से एक (1) दिन पहले प्रात: 11:00 तथा सायं 6:00 के बीच आपको *जनरल प्रोसिजर्स* से नर्स कॉल करेगी। यह कॉल महत्त्वपूर्ण है। एक शांत स्थान तय करें, कुछ चीजें नोट करें और कुछ सवाल अवश्य पूछें ताकि आपको पता हो कि:

1. आपका बच्चा अंतिम बार कब खा या पी सकता है।
2. कौनसी साधारण दवाएं बच्चा ले सकता है।
3. अस्पताल पहुंचने का समय और वहां लगभग कितना समय रहना होगा

यदि आपकी अंग्रेजी में कुशलता सीमित है तो इस कॉल के लिए किसी अंग्रेजी बोलने वाले परिवार के सदस्य या मित्र को अपने साथ रखें और कॉल करने वाली नर्स को कहें कि आपरेशन वाले दिन के लिए एक दुभाषिए का प्रबंध कर के रखें।

**यदि आपको कॉल न आए तो कृपया 604-875-2191 पर सायं 5:00 बजे से पहले फोन करें।**

*आम प्रक्रियाएं ACU* द्वारा *रोगी अनुभव* विभाग की सहायता से तैयार किया गया

BCCH © 2018 BC Children's Hospital

Department of Surgery and Anesthesia
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca

## आपरेशन से पहले की रात The Night Before the Procedure

- बच्चे को आपरेशन से पहले डाक्टर द्वारा बतायी गई दवा (यदि कोई है) दें।
- सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे ने कोई मेक-अप या नेल-पालिश न लगाया हो और कोई आभूषण (कानों में कांटों तथा शरीर के किसी भाग में छेद द्वारा पहने गए आभूषणों सहित) न पहना हो।
- अपने बच्चे को नहलाएं तथा उसके बाल धोएं। यदि आपके बच्चे के बाल लंबे हैं तो उनकी चोटी बनाएं।

## आपरेशन से पहले खाली पेट रहना Fasting Before the Procedure

जब आपके बच्चे को कोई भी बेहोशी की दवा दी जाती है तो बहुत जरूरी है कि उसका पेट खाली हो। यह इसलिए जरूरी है ताकि बच्चा उल्टी न करे और बेहोशी शुरू होने के बाद खाना उसके गले में अटक न जाए। यदि आपके बच्चे को बेहोश करने से पहले उसके पेट में खाना होगा तो बच्चे की बेहोशी के दौरान यह खाना उसके फेफड़ों में पहुंच सकता है और आपके बच्चे को निमोनिया हो सकता है।

हम चाहते हैं कि आपका बच्चा सुरक्षित रहे। यही कारण है कि हम यह मांग करते हैं कि बेहोश होने से पहले आपके बच्चे का पेट अधिक से अधिक खाली हो। हम जानते हैं कि भूखा बच्चा परेशान और निराश रहेगा, हम जानते हैं कि माता-पिता के लिए अपने बच्चे को भूखा देखना बड़ा कठिन होता है - कोई भी माता-पिता अपने बच्चे को भूखा नहीं रखना चाहते। किंतु हम चाहते हैं कि अपने बच्चे की बेहोशी के दौरान उसे अधिक से अधिक सुरक्षित रखने में आप हमारी सहायता करें।

**यदि आप खाली पेट रहने संबंधी निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो आपके बच्चे की सर्जरी या आपरेशन को स्थगित या रद्द कर दिया जाएगा।**

## खाली पेट रहने संबंधी निर्देश Fasting Instructions

STOP **आने के समय से पहले आधी रात को ठोस खाना बंद करें**

- ठोस खानों में वे तरल भी शामिल हैं जिनमें ठोस अंश शामिल होते हैं (जैसे संतरे का रस, सूप का शोरबा)। इनमें जैलो भी शामिल है।

STOP **बोतल फीड (फार्मूला) या ट्यूब फीड आने के समय से 6 घंटे पहले बंद करें**

STOP **आने के समय से 4 घंटे पहले मां का दूध बंद करें**

STOP **पारदर्शी तरल आने के समय से 1 घंटे पहले बंद करें**

- पारदर्शी तरल वे तरल होते हैं जिनमें से हम दूसरी ओर अच्छी तरह देख सकते है (जैसे, पानी, सेब का क्लियर जूस,
- सफेद अंगूर जूस)
- जैलो, संतरे का रस, शोरबा, चाय तथा काफी पारदर्शी तरल **नहीं** हैं।



BCCH © 2018 BC Children's Hospital

**Department of Surgery and Anesthesia**
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca



## आपरेशन वाला दिन
## The Day of the Procedure


### साथ क्या लेकर आएं What to Bring

जरूरत की सभी चीजों को एक ही बैक-पैक या थैले में पैक करने की कोशिश करें जिसे आप उठाकर ले जा सकें। अगर आपका पैक हल्का होगा तो आपका दिन ज्यादा आसान बीतेगा।

**जरूरी चीजें: Essential Items:**

- आपके बच्चे का बी.सी. हैल्थ केयर कार्ड






- घर में पहनने के लिए आपके बच्चे के ढीले फिट होने वाले कपड़े।

**प्रस्तावित वस्तुएं: Suggested Items:**
- आपके बच्चे का मनपसंद खिलौना, किताब या कंबल।
- आपके बच्चे का हाउसकोट तथा न फिसलने वाले स्लिपर या जूते
- आपके बच्चे का पैसिफायर, साधारण फीडिंग बोतल या सिप्पी कप।




BCCH © 2018 BC Children's Hospital

**Department of Surgery and Anesthesia**
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca

## कहां जाना है Where to Go

अस्पताल का परिसर एक बहुत बड़ी जगह है। नक्शा देखें और नीचे दिए निर्देशों का पालन करें:
http://www.bcchildrens.ca/About-Site/Documents/CW_Campus_Wayfinding_Map.pdf

1. बच्चों तथा औरतों के कैंपस में पहुंचने के बाद Teck Acute Care Centre (प्रवेश #53) के लिए तख्तियों को देखते हुए ड्राइव करें।
2. आप अपनी गाड़ी Teck Acute Care Centre की अंडरग्राउंड पार्किंग में या कहीं पास ही भूतल पर पार्क कर सकते हैं।
3. एमरजेंसी विभाग के बाहर मुफ्त वैलेट सेवा उपलब्ध है।
4. Teck Acute Care Centre की लॉबी में पहुंचने के बाद तीसरे तल के लिए मुख्य एलिवेटर लें।
5. एलिवेटर से निकल कर दाईं ओर मुड़ें और *जनरल प्रोसिजर्स* (General Procedures) के स्वागत डेस्क का पता लगाएं।




*आम प्रक्रियाएं ACU* द्वारा *रोगी अनुभव* विभाग की सहायता से तैयार किया गया

BCCH © 2018 BC Children's Hospital

**Department of Surgery and Anesthesia**
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca


## स्वास्थ्य देखभाल टीम से मुलाकात Meeting the Healthcare Team

*जनरल प्रोसिजर्स* के फ्रंट स्वागत डेस्क पर चेक-इन करने के बाद आपको रोगी के व्यक्तिगत आपरेशन-पूर्व कमरे में भेजा जाएगा। यहां पर आपको उस टीम से मिलने का अवसर मिलेगा जो आपरेशन से पहले, उसके दौरान तथा उसके बाद आपके बच्चे की देखभाल करेगी।

1. आपकी मदद से बच्चे को गाउन पहनाने के बाद, एक नर्स तथा देखभाल-सहायक द्वारा आपके बच्चे की जांच की जाएगी। इसमें बच्चे के कद और वजन को मापने के साथ-साथ उसके प्रमुख अति-महत्त्वपूर्ण सूचकांकों (ब्लड प्रैशर, तापमान, नाड़ी गति तथा आक्सीजन स्तर) को मापना भी शामिल हैं।
2. एक एनिस्थैटिस्ट (बेहोश करने वाला विशेषज्ञ) आपसे बातचीत करेगा और बताएगा कि आपरेशन रूम में क्या होगा और कैसे आपका बच्चा आपरेशन के लिए सो जाएगा।
3. आपके बच्चे के आपरेशन से पहले आपके बच्चे का सर्जन/आपरेशन-कर्ता भी आपसे मिलेगा। कोई भी अंतिम घड़ी वाले प्रश्न पूछने के लिए यह आपके पास अंतिम अवसर होगा
4. यदि आपके बच्चे की आयु एक वर्ष से अधिक है और उसके दिल की सर्जरी नही हो रही है, तो आपका परिवार एनिस्थैटिस्ट के साथ मिलकर यह निर्णय लेगा कि आपरेशन रूम में बच्चे के सो जाने तक किसका मौजूद रहना सबसे अच्छा रहेगा।
5. आपरेशन रूम में आप अपने बच्चे को तसल्ली दे सकते है, ध्यान बटा सकते है और उसकी सहायता कर सकते हैं।

**एनिस्थैटिस्ट बड़ी जल्दी आपके बच्चे को सुला देगा। मौजूद माता-पिता को यह बड़ा अजीब लग सकता है। अगर आपका सिर चकराए या आप महसूस करें कि आप बेहोश हो रहे हैं तो नजदीक खड़े किसी डाक्टर या नर्स को इसके बारे में बताएं।**

6. जब आपका बच्चा सो जाएगा तो स्टाफ का कोई मेंबर आपको प्रतीक्षा क्षेत्र में ले जाएगा। प्रतीक्षा की इन घड़ियों में आप थोड़ा घूमने के लिए जा सकते हैं, काफी पी सकते हैं या हल्का जलपान कर सकते हैं। इससे आपको शांत महसूस करने और बच्चे के जागने पर उसकी मदद करने के लिए तैयार होने में सहायता मिल सकती है।
7. आपरेशन पूरा हो जाने के बाद आपके बच्चे का डाक्टर आकर आपको बताएगा कि आपरेशन कैसा रहा। उस समय वेटिंग रूम में मौजूद रहना महत्त्वपूर्ण है।
8. *जनरल प्रोसिजर्स* से स्टाफ का कोई सदस्य आकर आपको (तथा एक अन्य पेरंट अथवा देखभल कर्ता को) प्रतीक्षा क्षेत्र में ढूंढेगा ताकि आप रिकवरी रूम में जाकर अपने बच्चे के पास बैठ सकें।

## रिकवरी रूम में क्या होता है What Happens in Recovery

- आपरेशन के बाद जैसे ही ऐसा करना सुरक्षित होगा, स्टाफ आपको बच्चे के पास रहने के लिए बुलाएगा। हर संभव कोशिश की जाएगी कि बच्चे के जागने से पहले आप उसके सिरहाने बैठे हों, पर यह भी हो सकता है कि आपके पहुंचने से थोड़ा पहले ही बच्चे ने जागना शुरू कर दिया हो।
- जागने पर बच्चा अर्धनिद्रा में हो सकता है, वह चकराया हुआ, परेशान और दुखी हो सकता है। पलंग की रैंलिग को ऊंचा रखें और बच्चे की सुरक्षा के लिए आप उसके पास रहें।
- आप अपने बच्चे को दूसरों से बेहतर जानते हैं। अगर आप सोचते हैं कि आपके बच्चे को प्यास लगी है या वह बेचैन है तो बच्चे की नर्स को बताएं।
- जब तक आपका बच्चा जाग नहीं जाता तथा चैन महसूस नहीं करता, वह रिकवरी में रहेगा।
    - अगर आपके बच्चे को रात के समय अस्पताल में रहना होगा तो एक नर्स बच्चे को वार्ड में ट्रांस्फर करने का प्रबंध करेगी।




BCCH © 2018 BC Children's Hospital
Hindi

**Department of Surgery and Anesthesia**
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca

- यदि आपके बच्चे का आपरेशन दिन में ही पूरा हो जाता है तो एक नर्स आपको समझाएगी कि आप अपने बच्चे की देखभाल घर पर किस प्रकार कर सकते हैं। इसमें यह भी शामिल है कि बच्चे को खाने के लिए क्या और कब देना है और उसको होने वाले दर्द को काबू में किस प्रकार रखना है।



BCCH © 2018 BC Children's Hospital
Hindi

**Department of Surgery and Anesthesia**
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca

आपरेशन से पहले खाली पेट रहना: बेहोश करने वाली दवाई देने से पहले आपके बच्चे को क्यों कुछ भी खाना या पीना नहीं चाहिए?

Preoperative Fasting: Why shouldn't your child eat or drink before their anesthetic?

जब आपके बच्चे को बेहोश करने वाली दवा दी जाती है, उस समय उसका पेट खाली होना जरूरी है। जरूरी इसलिए है ताकि बेहोशी शुरू होते समय वह उल्टी न करे और उसके गले में कुछ अटक न जाए। अगर बेहोश करने से पहले आपके बच्चे के पेट में खाना होगा तो बेहोशी के दौरान यह खाना उसके फेफड़ों मे जा सकता है और आपके बच्चे को निमोनिया हो सकता है।

हम चाहते हैं कि आपका बच्चा सुरक्षित रहे। यही कारण है कि हम यह मांग करते हैं कि बेहोश होने से पहले आपके बच्चे का पेट अधिक से अधिक खाली हो। हम जानते हैं कि भूखा बच्चा परेशान और निराश रहेगा, हम जानते हैं कि माता-पिता के लिए अपने बच्चे को भूखा देखना बड़ा कठिन होता है - कोई भी माता-पिता अपने बच्चे को भूखा नहीं रखना चाहते। किंतु हम चाहते हैं कि अपने बच्चे की बेहोशी के दौरान उसे अधिक से अधिक सुरक्षित रखने में आप हमारी सहायता करें।

एक बार फिर याद दिलाने के लिए, आपके बच्चे की बेहोशी से पहले आपके लिए निम्न निर्देशों का पालन जरूरी है:

BC चिलड्रन्स हास्पिटल पहुंचने से **6 घंटे** पहले तक आपका बच्चा कुछ भी खा या पी सकता है।

अगर आपका बच्चा मां का दूध पीता है तो वह मां का सादा दूध BC चिलड्रन्स हास्पिटल पहुंचने से **4 घंटे** पहले तक पी सकता है।

आपके यहां आने से **1 घंटे** पहले तक आपका बच्चा पानी, सफेद अंगूर का रस या सेब का रस पी सकता है। इसके बाद कृपया उसे कुछ भी खाने या पीने के लिए न दें!

*आम प्रक्रियाएं* ACU द्वारा *रोगी अनुभव* विभाग की सहायता से तैयार किया गया

BCCH © 2018 BC Children's Hospital

Department of Surgery and Anesthesia
4480 Oak Street, Vancouver, BC V6H 3V4
604-875-2345 1-888-300-3088
www.bcchildrens.ca

इन निर्देशों के बारे में यदि आपके मन में कुछ प्रश्न या चिंताएं हैं तो कृपया हमारे एनैस्थैटिक केयर यूनिट के नर्सों को 604-875-2191 पर कॉल करें। हम शीघ्र ही आपसे मिलने की आशा करते है। और, इस अत्याधिक महत्त्वपूर्ण विषय पर आपकी सहायता के लिए हम आपके धन्यवादी हैं!



BCCH © 2018 BC Children's Hospital